हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 उड़नदस्ता दल ने पांच प्रतिष्ठानों में मारा छापा, 139.5 क्विंटल अवैध ...



12 जब भी देश पर विपत्ति आई, आदिवासी समाज ने डटकर किया ...



## विरोध पर जवाब : विभाग ने बताया कि दरें हुई सरल, भ्रम भी दूर किया, राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्रामों की भिन्न-भिन्न दरों को किया एक समान

# गाइडलाइन में सात साल बाद सुधार, प्रमुख मार्गों और कॉलोनियों की दरें हुई समान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वर्ष 2017-18 से लंबित जिले में संपत्ति गाइडलाइन का पुनरीक्षण सात साल बाद पूरा किया गया है। नई गाइडलाइन के बाद विरोध के चलते रजिस्ट्री की संख्या में गिरावट आई थी जिसके बाद शासन ने सभी बदलाव को जनता के हित में बताते हुए विस्तृत विवरण जारी किया है।

अधिकारियों का कहना है कि नई गाइडलाइन का उद्देश्य दरों को तार्किक, स्पष्ट एवं आमजन के लिए आसानी से समझने योग्य बनाना है। सात साल के अंदर जिले में अनेक प्रमुख मार्ग व्यावसायिक क्षेत्र, काम्पलेक्स, आवासीय कॉलोनी आदि विकसित हो गए हैं। इन वर्षों में नवीन क्षेत्र का परिसीमन भी हो चुका है। नवीन नगरीय निकायों का गठन हुआ है। नवीन तहसील, रानिमं का गठन हुआ है लेकिन इन विकसित क्षेत्र का समावेश गाइडलाइन दरों में नहीं किया गया था। पूर्व प्रचलित गाइडलाइन में अनेक विसंगतियां थीं। जैसे एक वार्ड में ही कई दरों का होना, शहर के अंदर एक मार्ग के आमने-सामने अलग-अलग दरों का होना, एक भूमि के लिए एक से अधिक दर लागू होना, एक क्षेत्र में एक जैसी कॉलोनी के लिए अलग-अलग दरों का होना, समान परिस्थितियों के ग्रामों के लिए अलग-अलग दर आदि। उपरोक्त कारणों को ध्यान में रखते हुए पूर्व प्रचलित गाइडलाइन की दरों का पुनरीक्षण अति आवश्यक था। वर्तमान गाइडलाइन उपरोक्त विसंगतियों को युक्तियुक्त रूप से दूर

▶▶ शेष पेज 11 पर

### नगरीय क्षेत्रों में दरों का युक्तियुक्त एवं सरलीकरण

पूर्व में एक ही वार्ड में अनेक दर लागू थी। निगम के वार्ड क्र. 29 मोटर स्टैंड वार्ड में अलग-अलग 14 प्रकार की दरें लागू थीं। यह दर 90800, 75000, 30500, 23700, 18800, 13600, 17200, 11700, 10700, 10300, 9700, 9600, 107500 थी, जिन्हें युक्तियुक्त कर केवल 4 दरें 90000, 42000, 20000 तथा 110000 वर्गमीटर निर्धारित की गई हैं। नगर पालिका कुरूद के वार्ड क्र. 1 से 12 की दरें 11870, 7960, 5510, 5530, 5490, 5550, 4460, 4380, 2220, 2240, 2190, 2170 थी, जिन्हें अब सरलीकरण कर केवल 4 दरें 12000, 6500, 5500, 2500 निर्धारित की गई हैं। पूरे जिले के नगरीय निकायों में प्रचलित 300 प्रकार की दरों के स्थान पर अब मात्र 46 प्रकार की दरें निर्धारित की गई हैं। पूर्व में अत्यधिक दरों का प्रकार होने के कारण आमजनों को अपनी भूमि का सरकारी मूल्य जानने में कठिनाइ तथा असमंजस की स्थिति रहती थी। अब दरों को आसानी से समझा जा सकता है। आमजन बिना किसी बिचौलिये की सहायता से आसानी से अपनी संपत्ति का मूल्यांकन कर सकते हैं।

### मार्ग के अनुसार गाइडलाइन दर का निर्धारण

पूर्व प्रचलित गाइडलाइन में एक मार्ग से समान परिस्थिति एवं महत्व के क्षेत्र में भिन्न भिन्न दरें रखी गई थी, जिन्हें वर्तमान गाइडलाइन दर में युक्तियुक्त करने का प्रयास किया गया है। धमतरी निगम अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूर्व में 90800, 75000, 43200, 41600, 40400, 31500, 31200, 30700, 29000, 28300, 25500, 23900, 23000, 11400 आदि 14 प्रकार की दरें थी। अब इसका संशोधन कर केवल 4 प्रकार की दरें 90000, 50000, 48000, 33000 रखी गई हैं। इसी प्रकार सम्पूर्ण नगरीय निकायों में मार्ग के अनुरूप दरों का यथोचित संशोधन किया गया है।

### एक मार्ग के आमने-सामने की जमीन की दर एक समान

पूर्व में प्रचलित गाइडलाइन में एक ही मार्ग में आमने-सामने की जमीन की अलग-अलग दर होती थी जो कि पूर्णतः अतार्किक थी। जैसे नगर निगम धमतरी के वार्ड क्र. 11 आमापारा एवं वार्ड क्र. 29 मोटरस्टैंड जो सदर के आमने-सामने स्थित है लेकिन वार्ड क्र. 11 में सदर रोड की दर 72500 जबकि वार्ड क्र. 29 सदर रोड 90800 थी, जिसे अब दोनों वार्ड के लिए सदर रोड पर समान दर 90000 वर्गमीटर निर्धारित की गई है। यह प्रक्रिया समस्त नगरीय निकायों में अपनाई गई है।

### कॉलोनियों की दरों में एकरुपता

एक ही वार्ड के समान परिस्थिति, महत्व के स्वीकृत अभिविन्यास कॉलोनियों की दरें अलग-अलग उसके नाम के अनुसार रखी गई थी, जिसका कोई तार्किक आधार नहीं है। समस्त दरों में एकरूपता लाने नवीन गाइडलाइन में कालोनियों के नामानुसार दर न रखकर वार्ड के सभी स्वीकृत अभिविन्यास के लिए एक दर निर्धारित की गई है। नगर वार्ड क्र. 34 डॉ. अम्बेडकर वार्ड अंतर्गत स्थित कॉलोनी इंद्रप्रस्थ, अरिहंत वाटिका, गुलमोहर वाटिका, आकाश गंगा हाउसेस, आकाश गंगा, इनक्लेव, अमलतासपुरम जैसे समान परिस्थिति के कॉलोनियों के लिए अलग-अलग दर 10500, 8700, 7700, 9600 प्रति वर्गमीटर प्रचलित थी। जिसका युक्तियुक्तकरण कर एक समान दर 12000 प्रति वर्गमीटर निर्धारित की गई है। जिले के समस्त निकायों में यही प्रक्रिया अपनाई गई है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में दरों का सरलीकरण

ग्रामीण क्षेत्रों में एक ही प्रमुख मार्गों पर स्थित समान परिस्थितियों के ग्रामों के मुख्य मार्ग के दरों में स्थित ग्राम राखी, भाठागांव, मरौद, चरमुड़िया, कोड़ेबोड़, डांडेसरा, कन्हारपुरी, गातापार, कल्ले, मुल्ले, बिरेझर के लिए मुख्य मार्ग में 4499600, 3942800, 4307500, 3428700, 3624600, 3708000, 1948200, 1542000, 3789300, 3178600, 4057100 प्रति हेक्टेयर दर प्रचलित थी, जिसका युक्तियुक्त कर यथोचित वृद्धि करते हुए इन ग्रामों के मुख्य मार्गों के लिए 1,20,00,000 प्रति हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार समान परिस्थितियों के ग्रामों के लिए भी समान दर रखने का प्रयास किया गया है।

## खबर संक्षेप

### चिंवरी में आज राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा




**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में चिवरेश्वरनाथ कबड्डी टीम, नवयुवक संघ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 12 दिसंबर को आयोजित की गई है। प्रवेश शुल्क 250 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 7 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1500 रुपए दिया जायेगा। सभी मैच मैट में खेले जाएंगे। खेल में बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट ऑलराउंडर को 301 रुपए एवं ट्राफी दी जायेगी। यह जानकारी प्रवीण साहू ने दी।

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक 13 को

**धमतरी।** छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की बैठक 13 दिसम्बर को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में सुबह 11.30 बजे रखी गई है जिसमें आय- व्यय की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी पाली अध्यक्ष फगनू राम निषाद, महासचिव नील निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### निषाद समाज गणेशपुर परिक्षेत्र की बैठक 13 को

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निषाद समाज 20 पाली सिलतरा गणेशपुर परिक्षेत्र की बैठक ग्राम कचना में 13 दिसंबर शनिवार को रखी गई है जिसमें प्रांतीय केन्द्रीय पदाधिकारी का चुनाव, भक्त शिरोमणि गुहा निषाद जयंती समारोह, समाजिक कार्यों, आय-व्यय पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी डॉ ललित कुमार निषाद ने दी है।

### इर्रा में 31 को मड़ई मेला

**कोर्रा(भखारा )।** इस वर्ष भी ग्राम इर्रा में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 31 दिसंबर बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में भूले बिसरे गीत छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोंगरा पाली महासमुंद का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष योगेश साहू, सचिव मोहित ध्रुव, खोरबाहरा राम, महेंद्र कामड़े आदि जुटे हुए हैं।

### भोजन को लेकर हुआ था विवाद, न्यायालय ने सुनाया फैसला

# भाई की हत्या करने वाले आरोपी को मिला आजीवन कारावास



**धमतरी।** भाई की हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने कड़ा फैसला देते हुए आजीवन कारावास की सजा व अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

पुलिस के अनुसार नगरी थाना क्षेत्र के ग्राम छिपली निवासी मृतक कन्हैया नवरंग बीते 1 जनवरी 2025 की रात्रि 9 बजे घर पहुंचा। भोजन को लेकर भाई पामेश नवरंग के साथ उनका विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी पामेश ने खाना बनाने में प्रयुक्त अधजली लकड़ी से कन्हैया नवरंग के सिर के पीछे प्रहार कर उसे गंभीर चोट पहुंचाई। इससे कन्हैया की मौत हो गई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया। इस आधार पर उसका बयान दर्ज किया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लकड़ी एवं आरोपी के पहने कपड़े को जप्त किया। आरोपी पामेश को पुलिस ने 2 मार्च 2025 की शाम गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। धमतरी एसपी के कुशल मार्गदर्शन में तत्काल थाना प्रभारी शरद ताम्रकार एवं नगरी पुलिस द्वारा वैधानिक एवं साक्ष्यों पर आधारित प्रभावी विवेचना कर समय पर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया था। इस मामले में नगरी थाना में धारा 103-1 बीएनएस के तहत दर्ज जघन्य हत्या प्रकरण में न्यायालय ने आरोपी पामेश नवरंग पिता चिंताराम 29 वर्ष ग्राम छिपली निवासी को दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

# जमीन विवाद पर देवर व पत्नी ने भाभी को बेरहमी से पीटा

- हमले में महिला गंभीर रूप से घायल, खम्हरिया की घटना



**धमतरी।** जमीन विवाद को लेकर देवर ने अपने परिवार के साथ मिलकर भाभी को अधमरी होने तक पीटा। घायल महिला को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया निवासी मुकेश साहू व उसके भाई चुम्मन साहू अपने-अपने बंटवारा के घर में रहते हैं। दोनों घर के बीच मुकेश ने पार्टिशन दीवार खड़ी की है जिसे लेकर आये दिन दोनों परिवार के बीच विवाद होता रहता है। बुधवार को भी जमीन को लेकर विवाद हुआ। चुम्मन ने उस दीवार को तोड़ दिया। घटना की कुरूद थाने में शिकायत की गई है। इसी विवाद को लेकर गुरूवार को चुम्मन मारपीट पर उतर आया। गुरूवार की सुबह मुकेश राजमिस्त्री का काम करने धमतरी आ गया था। उसकी पत्नी राधिका साहू उम्र 40 वर्ष घर पर थी। वह बेटी केतना साहू उर्फ मुस्कान उम्र 16 वर्ष व पुत्र धनंजय साहू उम्र 12 वर्ष के साथ ग्राम तर्रागोंदी जाने वाली थी। बच्चे बाहर उसका इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान देवर चुम्मन साहू, उसकी पत्नी लता साहू व उसका बड़ा बेटा राहुल साहू तीनों उनके घर पहुंचे और राधिका को बाहर निकाल हथौड़ी, लाठी व अन्य वजनदार वस्तु से ताबड़तोड़ मारपीट शुरू कर दी। बच्चों द्वारा बीच बचाव की कोशिश करने पर केतना का गला दबा दिया गया। धनंजय से मारपीट की गई। बच्चे किसी तरह उनसे अपनी जान बचा पाये। तीनों ने राधिका को अधमरी होने तक पीटा। महिला के अचेत हो जाने पर उसे आंगन में छोड़कर अपने घर चले गये। घायल महिला को संजीवनी 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिये कुरूद अस्पताल पहुंचाया गया जहां से रेफर करने पर घायल महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। महिला की नाजुक स्थिति को देख जिला अस्पताल से भी हायर सेंटर रिफर कर दिया गया है। इस घटनाक्रम की जानकारी घायल महिला के बच्चों ने दी।

### प्राथमिक रिस्पांस किट का किया गया वितरण

# सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित मदद पहुंचाने 100 मितान नियुक्त






हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित सहायता पहुंचाकर उनके जीवन की रक्षा करने पुलिस ने 100 सड़क सुरक्षा मितान नियुक्त कर प्राथमिक रिस्पांस किट का वितरण किया।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के उद्देश्य को सुदृढ़ करने के लिये यातायात पुलिस द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सड़क सुरक्षा मितान, समाजसेवी सदस्य व यातायात स्टाफ ने भाग लिया। कम्पोजिट बिल्डिंग में आयोजित कार्यक्रम में राहवीर योजना-गुड सेमेरिटन के तहत दुर्घटना पीड़ितों को सहायता, प्राथमिक उपचार और गोल्डन आवर की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसपी सूरज सिंह परिहार ने जिले भर से आए सड़क सुरक्षा मितान को संबोधित करते हुए उनकी भूमिका को अत्यंत आवश्यक व संवेदनशील बताया। इस दौरान 100 से अधिक सड़क सुरक्षा मितान को प्राथमिक उपचार किट का वितरण किया गया। विशेषज्ञों ने दुर्घटनास्थल पर सहायता, घायल को सुरक्षित तरीके से अस्पताल पहुंचाने, रक्तस्त्राव को नियंत्रित करने तथा संचार व्यवस्था की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के विभिन्न मितानों ने अपने रोड एक्सीडेन्ट में सहायता संबंधी अनुभव साझा किये जिसमें लेखराम निर्मलकर का अनुभव विशेष रूप से प्रेरणादायक रहा। एसपी ने लेखराम की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा मितान केवल स्वयंसेवक नहीं बल्कि जीवनरक्षक हैं।

कार्यक्रम में सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी यशकरण दीप ध्रुव, यातायात प्रभारी एसआई केआर साहू, एसआई आरके साहू सहित यातायात स्टाफ, रेडक्रास से शिवा प्रधान, आकाशगिरी गोस्वामी, सत्यप्रकाश प्रधान, मनोज सोनी, सुरेश साहू सहित सड़क सुरक्षा के पुलिस मितान अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### घायल व्यक्ति की मदद करना नैतिक कर्तव्य : एसपी

एसपी सूरज सिंह परिहार ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करना केवल नैतिक कर्तव्य ही नहीं, जीवन बचाने का अवसर भी है। गोल्डन आवर में छोटी सी सहायता भी किसी परिवार को अपूरणीय क्षति से बचा सकती है। धमतरी पुलिस राहवीर योजना के तहत ऐसे सभी मितान को प्रशिक्षण, सहयाग और सम्मान देने के लिये सदैव तत्पर है।

### क्या है राहवीर (गुड समेरिटन) योजना

शासन द्वारा चलाई जा रही राहवीर(गुड समेरिटन) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिसमें प्रति घटना पुरस्कार राशि 25 हजार, एक से अधिक राहवीर होने की स्थिति में उक्त राशि सभी राहवीरों को समान रूप से वितरित होगी। प्रत्येक पुरस्कृत राहवीर को सराहना प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। वर्षभर के सर्वश्रेष्ठ राहवीरों का चयन कर 10 राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रत्येक राष्ट्रीय पुरस्कार की राशि 1 लाख रूपये है।

### जहर सेवन से एक युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार वेदराम साहू पिता रामाधार उम्र 45 वर्ष ग्राम भोथा थाना मगरलोड निवासी शराब पीने का आदी था। बुधवार को भी उसने शराब का सेवन किया था। दोपहर में वेदराम नहाने के बाद उल्टी कर रहा था। जहरीली दुर्गंध से परिजनों को उसके जहर सेवन करने की जानकारी हुई। परिजनों ने तत्काल निजी वाहन की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

# बंदियों को मिली आयुर्वेद उपचार की सुविधा



**धमतरी।** बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देते हुए जिला जेल में संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार जिला शासकीय आयुष पॉलीक्नीनिक धमतरी के डॉ. योगेश कुमार नेताम आयुष चिकित्सक, संजय कुमार पटेल आयुष विंग एवं हरिश्चन्द्र रात्रे वार्ड बॉय द्वारा जिला जेल धमतरी में गुरुवार को एक दिवसीय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जेल में परिरूद्ध बंदियों का उच्च रक्तचाप, मधुमेह, उदर विकार, त्वचा विकार, वातरोग की जांचकर आयुर्वेद औषधि एवं रोगों के बचाव संबंधी परामर्श दिया गया। इस शिविर में 55 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कर औषधि का वितरण किया गया। शिविर में एनके डहरिया, सहायक जेल अधीक्षक समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर



ऑन लाइन स्पेशल ₹699 एवं उससे अधिक वाली
सुपर सॉफ्ट क्वालिटी
डबलबेड बेडशीट
₹449 में
2 बेडशीट + 4 पिलो कव्हर
2 डबल बेडशीट सेट की कीमत मात्र ₹449 में
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 1 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
रूद्री रोड, धमतरी
*condition apply

## खबर संक्षेप



### छात्र-छात्राओं ने न्योता भोज का उठाया लुत्फ

**कुरुद**। संजय नगर कुरुद पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को गोकुलराम साहू व उनके पुत्र हर्षिक कुमार के जन्म दिन पर न्योता भोज दिया गया। बच्चों को खीर-पूड़ी, लड्डू व गोभी सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानपाठक जेके साहू, उषा यादव, जयोति साहू, कल्पना देवांगन, संध्या पांडेय, वरिष्ठ षार्षद मनीष साहू, नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, प्रमोद साहू व रसोइया उपस्थित थे।

## निधन

### बैसाखिन बाई साहू



**धमतरी**। ग्राम छुही निवासी श्रीमती बैसाखिन बाई साहू 95 वर्ष का निधन हो गया। वे केशव, गंगाराम, डेरहाराम, नकुल और लक्ष्मीनाथ साहू की मां तथा लक्ष्मण, टिकेश्वर और दीपक साहू की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन एवं ग्रामीणजन सम्मिलित हुए।

### मानू राम साहू



**कुरुद**। ग्राम जोरातराई निवासी मानूराम साहू 76 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया। वे श्रीमती हेमिन बाई साहू के पति, लोकनाथ साहू ग्राम पटेल के भैया व तीरथलाल साहू (पुलिस) के पिता थे।

### कल्याणी साहू



**कोर्रा(भखारा)**। नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 6 निवासी कल्याणी साहू 60 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। वह सेवानिवृत प्र धा न पा ठ क जीवनलाल साहू की पत्नी, गैंदलाल साहू की भाभी एवं नीरज और मनोज की मां थीं। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### मेहत्तर राम सिन्हा



**कोर्रा(भखारा)**। ग्राम हंचलपुर निवासी मेहत्तर राम सिन्हा का 9 दिसंबर मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। वे दिनेश सिन्हा, रमेश सिन्हा, हीरालाल सिन्हा के पिता थे।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**
**//नोटिस//**
क्रमांक/ / तह./वा./2025
धमतरी दिनांक 08/12/2025
प्रति,
1. होमलाल साहू वल्द साहूकार
2. गिरवर साहू वल्द साहूकार
3. तरूण साहू वल्द भुनेश्वर साहू
सभी निवासी जालमपुर वार्ड धमतरी
तह. व जिला धमतरी
विषयः-आगामी सुनवाई तिथि को उपस्थिति प्रस्तुत करने बाबत।
संदर्भः-इस न्याया. का रा.प्र.क्र. 202507130700017 अ-6 वर्ष 2024-25 ।
---00---
उपरोक्त विषयांर्गत लेख है, कि आवेदिकागण गीता पटेल स्व. हरीश कुमार पटेल एवं अन्य 02 निवासी जंगलपारा नगरी जिला धमतरी के द्वारा अपने पति हरीशकुमार पटेल के द्वारा ग्राम रत्नाबांधा प.ह.नं. 21/15 तह. व जिला धमतरी स्थित ख.न. 280 का भाग रकबा 0.02 हे., 2400 व.फु को पंजीकृत बिक्रीपत्र दिनांक 25/10/2017 को क्रय किया गया है। आवेदिका के पति हरीशकुमार की मृत्यु दिनांक 3/12/2019 को हो गया है। आवेदिकागण उनके विधिक वारिसान की हैसियत से बिक्रीपत्र के आधार पर अपना नाम दर्ज करने आवेदन पत्र पेश किये है।
आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर जांच हेतु राजस्व प्रकरण क्रमांक 202507130700017 वर्ष 2024-25 मद अ-6 में पंजीबद्ध कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
उपरोक्त प्रकरण के संबंध में दिनांक 29/12/2025 को उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित है। उपरोक्त दिवस को आपके अनुपस्थिति या आपके या अभिभाषक के माध्यम से कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत नहीं किए जाने पर आपकी मौन स्वीकृति मानी जावेगी। नियत समयावधि पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
**तहसीलदार**
**धमतरी (छ.ग.)**

अध्यक्ष व सीएमओ के खिलाफ चौथे दिन भी हड़ताल रही जारी

# हड़ताली कांग्रेसी पार्षदों ने भैंस के आगे बीन बजाकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद नगर पालिका के विपक्षी कांग्रेस पार्षदों ने नपा अध्यक्ष और सीएमओ पर कथित मनमानी करने का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। चौथे दिन तक कोई सुनवाई नहीं होने पर हड़तालियों ने पालिका के सामने भैंस लाकर बीन बजाकर प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने हड़ताल खत्म कर नगर विकास में सहभागी बनने की अपील की है।

8 दिसम्बर से हड़ताल पर बैठे कांग्रेस के 9 पार्षदों का आरोप है कि नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ अपनी मनमानी से काम कर रहे हैं, जिससे नगर का विकास प्रभावित हो रहा है। जनहित के कार्यों की अनदेखी की जा रही है। हड़ताली पार्षद नगर पालिका कार्यालय के सामने धरने पर बैठे हैं जिनके समर्थन में कांग्रेस पार्टी के नेतागण एवं व्यापारीगण पहुंचे। हड़तालियों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर व राइस मिलर हितेंद्र केला ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा विकास कार्यों समर्थन दिया है लेकिन निजी हित के लिए परिषद के निर्णय की मनमानी का हम कड़ा विरोध करते हैं। हड़ताल में नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, वरिष्ठ पार्षदगण मनीष साहू, रजत चंद्राकर, राखी चंद्राकर, मंजू साहू, उर्वशी चंद्राकर, अर्जुन ध्रुव आदि शामिल है।



### हड़ताल समाप्त कर नगर विकास में सहभागी बने विपक्ष : भानु



विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने हड़ताली कांग्रेस के सभी 9 पार्षदों से कहा है कि विपक्षी मित्र 5 माह पहले और 8 माह पहले नगर विकास के लिए हुई परिषद बैठक में एक-दो निर्णयों को लेकर बेमुद्दत हड़ताल पर हैं। जबकि सारे निर्णय उस समय सोशल मीडिया व समाचार पत्रों के माध्यम से सर्वविदित है, कहीं कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। जबकि नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की अगुवाई में कुरूद के हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इनके पूर्व के कार्यकाल से भी सभी वाकिफ हैं। इस कार्यकाल में भी बग़ैर कोई भ्रष्टाचार किये सबको विश्वास में लेकर आप सबको नया कुरूद देखने को मिलेगा। परिषद के संख्या बल 9-6 की भावनाओं से ऊपर उठकर सभी दृष्टिकोण से नगर को उत्कृष्ट बनाने का कार्य कर रहे हैं। आप सब भी नगर विकास का सहभागी बने और हड़ताल समाप्त करे।

# शिविर में 14 लोगों ने किया रक्तदान, हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम मेघा के शीतला मंदिर प्रांगण में छत्तीसगढ़ शांकम्भरी सेवा संस्थान, जय मां शीतला रक्तदाता समूह मेघा व एचडीएफसी बैंक के सयुंक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व रक्तदाता सम्मान का आयोजन किया गया। आयोजक प्रमुख केमेश साहू ने बताया कि शिविर में छत्रकांत साहू, योगेश्वर पटेल, मोनिष साहू, ढालेन्द्र पटेल, हरकचंद साहू, वेदप्रकाश निषाद, मोहित साहू, तुलेश्वर निषाद, धीरज साहू, देवेंद्र निषाद, मिथिलेश साहू, खिलेश निषाद, पोखराज साहू, केशव साहू ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को पुरस्कार सहित प्रमाण-पत्र दिया गया। शिविर में सरपंच मनीषा ध्रुव, इंडियन रेडक्रास सोसायटी संरक्षक आजीवन सदस्य मनोज पटेल छुरा, एचडीएफसी बैंक रायपुर नीरज साहू, रेडक्रास सोसाइटी ब्लड बैंक प्रमुख देवेंद्र दुबे, कमल पटेल व डोमेश्वर निषाद, राहुल जैन, अशोक साहू, तुलेश निषाद का सहयोग रहा। पुरुषोत्तम पटेल व दुर्गेश सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रियायत बंद करने से भड़के बिजली कर्मी

- छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ ने कंपनी प्रबंधन को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

पीएम सूर्यघर योजना के तहत रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए पंजीयन नहीं कराने वाले बिजली अधिकारियों-कर्मचारियों को बिल में मिलने वाली रियायत इस माह से बंद किए जाने से कर्मचारी भड़क गए हैं। कंपनी प्रबंधन के फैसले को अवैधानिक बताते हुए छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ ने रियायत पुनः शुरू नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आन्दोलन की चेतावनी दी है।

कंपनी प्रबंधन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत घर पर रूफटॉप लगाना अनिवार्य कर दिया है। पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए प्रबंधन ने अधिकारियों-कर्मचारियों को मोहलत भी दी थी। मोहलत खत्म हो गई है और आधे अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी पंजीयन नहीं कराए हैं। जिसके बाद पूर्व घोषणा के अनुसार पंजीयन नहीं कराने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बिल में मिलने वाली रियायत इस माह से बंद कर दी है। इस माह पंजीयन नहीं कराने वाले कर्मचारियों को पूरा बिजली बिल भेजा गया है। इससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में काफी गुस्सा है।

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ ने पावर कंपनी के चेयरमैन को पत्र लिखकर कंपनी के फैसले को अवैधानिक बताया है। महासंघ के पीयूष सिन्हा ने कहा कि कर्मचारी संगठन से बिना कोई चर्चा किए प्रबंधन द्वारा एकतरफा रियायत बंद करने का निर्णय न्यायोचित नहीं है। महासंघ ने कंपनी प्रबंधन को पत्र लिखकर आदेश के क्रियान्वयन के फलस्वरूप होने वाले आर्थिक नुकसान एवं व्यावहारिक दिक्कत से अवगत कराया था। साथ ही सोलर प्लांट लगाने का खर्च कंपनी प्रबंधन द्वारा वहन करने का आग्रह किया गया था। महासंघ ने अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से मिल रहे लाभ को बंद नहीं करने का आग्रह किया था। इसके बाद भी आग्रह को दरकिनार करते हुए कंपनी प्रबंधन ने एकतरफा निर्णय लेते हुए रियायत बंद कर दी। महासंघ ने चेतावनी दी है कि रियायत बंद करने का फैसला वापस नहीं लिया गया तो प्रदेशव्यापी आन्दोलन किया जाएगा।

# अग्निवीर थलसेना भर्ती रैली की तैयारियां तेज

- भर्ती प्रक्रिया को सुगम बनाने कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



आगामी 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में आयोजित होने वाली अग्निवीर थलसेना भर्ती रैली को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भर्ती प्रक्रिया को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपने कक्ष में आर्मी अधिकारियों एवं विभिन्न विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि यह रैली न केवल धमतरी बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। ऐसे में प्रशासन का दायित्व है कि सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण हों। उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को गंभीरता से लेते हुए तैयारियां तत्काल गति देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्धारित माप एवं मानक अनुसार दौड़ ट्रैक का निर्माण समय सीमा में पूरा करने, मैदान की समतलीकरण, सुरक्षा बैरिकेडिंग तथा आवश्यक तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने बताया कि धमतरी सहित राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के आने की संभावना है। ऐसे में परिवहन व्यवस्था, प्रतिभागियों के आवास, विश्राम की सुविधा, पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और शेड जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ तैयार किया जाए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को स्थल पर चिकित्सा टीम, एंबुलेंस एवं प्राथमिक उपचार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होना युवाओं के लिए गौरव का विषय है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि हर अभ्यर्थी को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और पारदर्शी माहौल मिले। सभी अधिकारी अपने दायित्व को पूर्ण निष्ठा और गुणवत्ता के साथ संपादित करें।

आर्मी अधिकारियों ने भी भर्ती रैली के सफल संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की और जिला प्रशासन के सहयोग की सराहना की। बैठक में कर्नल अरूण कालिया सहित आयुक्त नगर निगम, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला खेल अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# वीरनारायण सिंह का बलिदान अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है : ज्योति

- भखारा में श्रद्धा के साथ मना शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



तहसील भखारा में आदिवासी समाज के नेतृत्व में शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन भी शामिल हुई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वीरनारायण सिंह का बलिदान अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। उनकी वीरता से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेकर समाज में जागरूकता, एकता और विकास के प्रति कार्य करना चाहिए।

वक्ताओं ने वीर नारायण सिंह के शौर्य और अमर योगदान को याद करते हुए बताया कि उनका जीवन समाज की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा का सशक्त उदाहरण है।

सामाजिकजनों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। ठाकुरराम नेताम, श्रीमती कतलम, श्री कतलम आदि ने कहा कि वीर नारायण सिंह ने अन्याय, अत्याचार और अंग्रेजी शासन के खिलाफ किसानों व गरीबों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि सत्य, साहस और जनसेवा ही सच्ची देशभक्ति है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में न्याय, समानता और भाईचारे को मजबूत करना है। आज हम संकल्प लें कि उनके त्याग और बलिदान को स्मरण रखते हुए एक बेहतर समाज और मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

मौके पर कुलेश्वर सिंह ध्रुव, हुमन सिंह कतलम, ठाकुर राम नेताम, नरोत्तम सिंह पडौटी, ईश्वर कंवर, सुग्रीव नेताम, ढाल सिंह नेती, रामप्रसाद कंवर, रामसेवक कंवर, रामनारायण नगरची, डागेश्वर नेताम, चंदू मंडावी, संतराम ध्रुव, दुष्यंत नेताम, कामिनी कतलम, चंद्रकला उपस्थित थे।

# बालगृह के बच्चों को दी अधिकारों की जानकारी



- मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी के निर्देशन में श्रीमती नेहा उसेंडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बालगृह धमतरी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके मूल अधिकारों, सुरक्षा से जुड़े कानूनों तथा उपलब्ध विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम में बच्चों को जीवन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, सम्मान के साथ जीने का अधिकार, स्वास्थ्य व सुरक्षा का अधिकार, सुरक्षित वातावरण में रहने का अधिकार, बाल शोषण, बाल मजदूरी और बाल विवाह से सुरक्षा शिक्षा एवं विकास का अधिकार, बच्चों के खिलाफ होने वाले लैंगिक अपराधों से संरक्षण, बालगृह, संरक्षण गृह व बच्चों के कल्याण से जुड़े प्रावधान, बाल मजदूरी पर रोक, शिक्षा का मौलिक अधिकार के बारे में बताया गया।

नेहा उसेंडी ने बच्चों को सुरक्षा कानून विशेषकर यौन अपराधों की रोकथाम से जुड़ी धाराओं को सुरक्षित और संवेदनशील रूप से समझाया। यह बताया कि कठिन परिस्थिति में वे कानूनी सहायता कैसे और कहां प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों को यह भी समझाया कि किसी भी अनुचित स्पर्श की स्थिति में उन्हें कैसे सतर्क रहना है। नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। बालगृह के अधीक्षक को बच्चों के साथ संवाद बनाए रखने एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा।

# मानसिकता में बदलाव से ही सहकारिता सफल होगी : डॉ. दीक्षित

- भोथीडीह में संगोष्ठी आयोजित कर किसानों को सहकारिता का उद्देश्य बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भोथीडीह में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रवक्ता डॉ एएन दीक्षित ने कहा कि वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। पूरे वर्ष सहकारिता आंदोलन की समीक्षा हेतु देशभर में व्यापक विचार विमर्श की प्रक्रिया चलाई गई, जो अभी भी जारी है। सहकारी समितियां आमतौर पर अकुशल प्रबंधन की शिकार है। वर्तमान में यह वातावरण बन गया है कि सहकारी समितियां एक स्वायत्त, सदस्य आधारित व्यवसायिक संगठन के स्थान पर एक अर्ध सरकारी विभाग की तरह काम कर रही हैं। मानसिकता में परिवर्तन कर सहकारी समिति संचालन में रुचि एवं सक्रियता भी बढ़ानी होगी। सदस्यों को मानना होगा कि ये समिति उनकी अपनी है तथा इसके विकास के लिए सदस्यों को ही योजना बनानी होगी।

भोथीडीह के प्राधिकृत अधिकारी शत्रुघ्न साहू ने कहा कि हमें अधिक जागरूक और सक्रिय होकर सहकारिता को सफल बनाना है। शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है। शिक्षा के विकास से ही देश का विकास होगा। संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू ने कहा कि समिति के माध्यम से प्रत्येक सुविधा किसानों को दी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक एपी गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन पैक्स भोथीडीह के प्रबंधक ईश्वर सिन्हा ने किया। मौके पर फूलसिंह साहू, एवनलाल समेत अनेक किसान मौजूद थे।

## भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 20 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 20 दिसंबर को प्रातः 10 बजे होगी। नियमित, अमहाविद्यालयीन एवं जीई की छात्राएं भूगोल प्रायोगिक विषय में सम्मिलित होना चाहती हैं, वे प्रायोगिक रिकार्ड एवं अन्य आवश्यक उपकरण के साथ निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। अनुपस्थित होने पर संबंधित छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगी।

# गैलेक्सी स्कूल में अग्निवीर जवानों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड के दो पूर्व छात्र हानेश कुमार एवं द्रोण कुमार का अग्निवीर में चयन होने पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। हानेश कुमार पिता खूबलाल साहू निवासी मगरलोड 12वीं 2024 बैच के छात्र का आर्मी में चयन हुआ। ट्रेनिंग बैंगलोर कर्नाटक में प्राप्त की और पोस्टिंग सिकराबाद तेलंगाना में है। द्रोणकुमार साहू पिता चम्मन साहू ग्राम डाभा निवासी 12वीं 2023 बैच का छात्र था। ट्रेनिंग लखनऊ उत्तरप्रदेश में हुई। पोस्टिंग जम्मू कश्मीर श्रीनगर में हुई है।

गैलेक्सी शिक्षण समिति के सचिव देवा साहू, समन्वयक देवधर सिन्हा, पालक समिति अध्यक्ष घनश्याम बिंझेकर, सेनि आर्मी खिलावन साहू, पार्षद चेतन बिंझेकर, प्राचार्य आरके निषाद, सहायक प्राचार्य एसएल साहू, टीआर घृतलहरे, एसआर साहू, एलएन साहू, केआर ध्रुव, एफके पटेल, जीएस साहू, डीसी साहू, दीपलता साहू, पुष्पलता साहू, मीरा साहू, गीतांजलि साहू, जालम साहू ने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**Pride of Dhamtari**




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### बिलासपुर संभाग प्रभारी बने महापौर का ननि परिवार ने किया सम्मान



**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा को बिलासपुर संभाग प्रभारी नियुक्त किए जाने पर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों ने सोमवार को महापौर कार्यालय पहुंचकर उनका सम्मान किया। निगम परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि बिलासपुर संभाग प्रभारी का दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए भरोसे को वे पूर्ण निष्ठा और परिश्रम के साथ निभाएंगे। श्री रोहरा ने बिलासपुर संभाग के विकास, संगठन की मजबूती और जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि धमतरी से लेकर संभाग तक विकास कार्यों को गति देने के लिए टीमवर्क आधार होगा। महापौर ने कहा कि निगम के अधिकारी-कर्मचारी हमेशा सकारात्मक सोच के साथ काम करते आए हैं और इसी सामूहिक प्रयास से आगे भी हर लक्ष्य को हासिल किया जाएगा।

### जिला युवा उत्सव में खरतुली स्कूल ने मारी बाजी





**धमतरी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के रेडक्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के 28 स्वयंसेवकों ने व्याख्याता आकाशगिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। सुआ नृत्य, राउत नाचा, छत्तीसगढ़ी विविध वेशभूषा प्रदर्शन, कहानी लेखन तथा कविता लेखन में उत्साहपूर्वक भाग लेकर दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। सुआ नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस आधार पर उसका चयन बिलासपुर में आयोजित राज्यस्तरीय युवा उत्सव के लिए किया गया है। पारंपरिक राउत नाचा में द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य टीआर नागवंशी, सरपंच उमेश्वर नेताम, उपसरपंच सुरेश सिन्हा, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोहित साहू, व्याख्याता मोनिका गोस्वामी, वाय. सिन्हा, भारती आर्या, नेहा मेहता, प्रतिमा यदु, डॉ. बीएल चंद्राकर, अमित महोबे, संजय कुमार सिन्हा, एसबी जायसवाल, डायमंड गुरुपंचायन, मंजू साहू, संदीप सिन्हा ने हर्ष जताया है।

### मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है : ओंकार



- गीतांजलि आराध्य सेवा संस्थान में जरुरतमंद को नि:शुल्क मिलेंगे उपकरण

**धमतरी।** सेवा परमो धर्म के उद्देश्य को लेकर साहू मेडिकल स्टोर्स रत्नाबांधा रोड के संचालक निर्मल साहू ने अपनी धर्मपत्नी स्व. गीतांजलि साहू एवं पुत्र स्व. आराध्य साहू की स्मृति में गीतांजलि आराध्य सेवा संस्थान की स्थापना अपनी धर्मपत्नी गीतांजलि के जन्म दिवस के अवसर पर की। इसका शुभारंभ विधायक ओंकार साहू एवं जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने किया। सेवा संस्थान में जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क बैसाखी, व्हीलचेयर, कमोड चेयर, वॉकर, पलंग, हैंड स्टिक, ऑक्सीजन मशीन प्रदान की जाएगी। साथ ही जिला साहू संघ धमतरी द्वारा संस्थान को प्रदत्त एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। अतिथियों ने इस नेक सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर जिला साहू संघ के महासचिव यशवंत कुमार साहू, सचिव लीलाराम साहू, संगठन सचिव गोपीकिशन साहू, तहसील साहू समाज शहर धमतरी के संरक्षक रोहित कुमार साहू, उपाध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, हटकेशर साहू समाज के संरक्षक लक्ष्मण साहू, नीलमणि साहू समेत वार्डवासी उपस्थित थे।

### लोक नर्तक दलों से 15 तक आवेदन मंगाए

**धमतरी।** इस साल भी गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव वर्ष 205-26 का जिला स्तर पर आयोजित किया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के लोक नर्तक दल जैसे पंथी नृत्य, प्रडवानी, भरथरी आदि पारंपरिक लोक दल 15 दिसंबर तक कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम आयोजन की सूचना पृथक से दी जाएगी।

## पेज 09 का शेष

### गाइडलाइन में सात साल बाद सुधार, प्रमुख मार्गों और कॉलोनियों की दरें हुई समान

करने का प्रयास करते हुए तैयार की गई है, जिसमें आम जनता को गाइडलाइन दर को समझने में कोई कठिनाई न हो।

जिला पंजीयक आसु अग्रवाल का कहना है कि नवीन गाइडलाइन 2025-26 की दरों के संबंध में किसी प्रकार की अफवाहों से भ्रमित न हो। उपरोक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि नवीन दरें आमजनों के हितार्थ एवं जनहितैषी है। नवीन दरें वैज्ञानिक पुनरीक्षण पर आधारित होकर सरल, सहज एवं स्पष्ट है। गाइडलाइन दरों से संबंधित जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के पंजीयन कार्यालय में संपर्क कर वास्तविक तथ्यों एवं बाजार मूल्य की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**दरों की ओव्हर लैपिंग समाप्त की गई :** पूर्व गाइडलाइन में दरों की ओव्हर लैपिंग एक बड़ी समस्या थी। इसमें एक ही भूमि के लिए कई दर लागू होती थी जिससे पक्षकारों को अपनी जमीन का सही मूल्यांकन करने में असमंजस की स्थिति बनी रहती थी। इस समस्या को वर्तमान गाइडलाइन में समाप्त किया गया है। जैसे नगर निगम धमतरी के वार्ड क्र. 4 सुंदरगंज वार्ड अंतर्गत मुख्य मार्ग के अंदर दो भिन्न दरें 10000 तथा 22100 निर्धारित थी जिसके कारण एक ही भूमि का मूलयांकन दो अलग दरों से किया जा सकता था। इन ओव्हर लैपिंग दरों का युक्तियुक्तकरण करते हुए एक दर 17000 प्रति वर्गमीटर निर्धारित की गई है। इसी तरह नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्र. 8 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड में मुख्य मार्ग के अंदर 3 प्रकार की दरें 2960, 2610 एवं 2100 प्रति वर्गमीटर प्रचलित थी जिसे समाप्त करते हुए प्रति वर्गमीटर 3000 रूपये निर्धारित किया गया है। इसी तरह समस्त नगरीय निकायों में ओव्हर लैपिंग दरों का युक्तियुक्तकरण करने का प्रयास किया गया है।

अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन की हो रही कड़ी निगरानी

# उड़नदस्ता दल ने पांच प्रतिष्ठानों में मारा छापा, 139.5 क्विंटल अवैध धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू और पारदर्शी रूप से जारी है। जिले की 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के कुल 100 उपार्जन केन्द्रों में अब तक पंजीकृत 1,29,419 किसानों में से 39,723 किसानों द्वारा 1,85,009.36 मी.टन धान की बिक्री की जा चुकी है। इस धान का कुल मूल्य 438.81 करोड़ रुपये है, जिसका भुगतान किसानों को प्रतिदिन नियमित रूप से किया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार सभी धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की व्यवस्था सुव्यवस्थित है।

धान खरीदी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने तथा कोचियों व बिचौलियों द्वारा अवैध धान भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले के प्रत्येक विकासखंड में राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता एवं मंडी विभाग के अधिकारियों का ब्लॉक एवं जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। इन दलों द्वारा 10 दिसंबर तक मंडी अधिनियम 1972 के तहत 62 प्रकरण दर्ज कर 3,739.4 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

कलेक्टर के निर्देश पर 11 दिसंबर को धमतरी, मगरलोड और नगरी के उड़नदस्ता दलों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान मगरलोड के व्यापारी तारेन्द्र सिन्हा के प्रतिष्ठान से 33.5 क्विंटल, ग्राम घोटगांव के अशोक कुमार से 45.20 क्विंटल, ग्राम अकालाडोंगरी के ओमप्रकाश पटेल से 20.80 क्विंटल, ग्राम मोंगरागहन के राकेश कौशिक से 24 क्विंटल तथा कोड़ेगांव आर के जागेश्वर उसेंडी से 16 क्विंटल धान अवैध भंडारित पाया गया। कुल 139.5 क्विंटल अवैध धान जब्त करते हुए सभी के विरुद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।

## टोकन कटने में त्रुटि, दूसरे टोकन की मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भखारा तहसील के ग्राम गुजरा निवासी धरमसिंह ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि उसके नाम पर ग्राम भानपुरी में 0.80 हेक्टेयर (2 एकड़) भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उसने 4 दिसम्बर को मोबाइल से टोकन काटा है, जिसमें त्रुटिवश 2.40 क्विंटल का टोकन कट गया है।

उक्त त्रुटि से उसे परेशानी हो रही है। वह धान उपार्जन केन्द्र तरसींवा से दूसरा टोकन काटने की अनुमति चाहता है। उन्होंने दूसरा टोकन काटने की मांग की है।

## धीवर समाज ने किया महापौर का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा के पदाधिकारी एवं धीवर समाज परगना के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर रामू रोहरा से नगर निगम कार्यालय में भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने महापौर को बिलासपुर संभाग प्रभारी नियुक्त किए जाने एवं हाल ही में संपन्न प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में उनके विशेष योगदान, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समाज के प्रतिनिधियों ने महापौर का पारंपरिक मछली जाल से स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि धीवर समाज ने हमेशा सामाजिक सद्भाव, मेहनत और प्रगति का उदाहरण प्रस्तुत किया है। समाज के उत्थान, युवा क्षमता विकास एवं सामुदायिक गतिविधियों में नगर निगम सदैव सहयोग करता रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में परमेश्वर फूटान, होरीलाल मत्स्यपाल, नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सोहन फूटान, कृष्णा हिरवानी, गोविंदा कोसरिया, दुर्गेश रिगरी, निर्मल फूटान, करण हिरवानी, नरेश हिरवानी मौजूद रहे।

## बांस से सुपा, चिड़िया, घर, टुकनी बैलगाड़ी, गुलदस्ता बनाना सीखा



- आमगांव में 30 आदिवासियों को कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम आमगांव में वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित केन एवं बांस शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण सहायक निदेशक हस्तशिल्प के मार्गदर्शन में संचालित किया गया, जिसमें दो महीने की अवधि तक क्षेत्र के 30 आदिवासी शिल्पियों को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण में नेशनल अवॉर्डी एवं मास्टर ट्रेनर श्रीवास मलिक द्वारा प्रतिभागियों को बांस से सुपा, चिड़िया, घर, टुकनी, बैलगाड़ी, गुलदस्ता सहित विभिन्न आकर्षक एवं उपयोगी सामग्री तैयार करना सिखाया गया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक कला को आधुनिक बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन नगरी प्रगति तकनीकी सेवा संस्थान धमतरी द्वारा किया गया।

संस्थान के संचालक रोशन कुमार साहू ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद हस्तनिर्मित उत्पादों के विक्रय हेतु भारत सरकार का वस्त्र मंत्रालय समय-समय पर शिल्प मेले आयोजित करता है, जहां शिल्पियों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए निःशुल्क मंच उपलब्ध कराया जाता है। इससे ग्रामीण शिल्पियों को आर्थिक संबल मिलेगा और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम एवं पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता और रोजगार का बेहतर माध्यम सिद्ध होंगे। उन्होंने सभी हितग्राहियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

## खिलेश्वर का छग पुलिस में चयन



**नगरी।** बिसंभर मरकाम अध्यक्ष युवा प्रभाग मैनपुर के पुत्र खिलेश्वर मरकाम का छत्तीसगढ़ पुलिस में चयन होने पर समाज में खुशी की लहर है। ग्राम मैनपुर पहुंचे तहसील युवा प्रभाग अध्यक्ष नरसिंग मरकाम, सरपंच सिरसिदा मुड़ा अध्यक्ष अमर सिंह मरकाम, उपाध्यक्ष संतोष नेताम, संत मरकाम, लखन नेताम, ओमप्रकाश ध्रुव, सुरेन्द्र नेताम ने उन्हें श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।


## शीतलहर चलने की संभावना

**धमतरी।** मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मौसम शुष्क रहने की संभावना है। सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग तथा रायपुर संभाग के जिलों के एक दो पैकेट में आगामी 2 दिनों तक शीतलहर चलने की संभावना है। धमतरी जिले में अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री तथा 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा।

## ब्लू प्रिंट आधारित परीक्षा से बोर्ड जैसी तैयारी

- 9वीं से 12वीं तक अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू, मेधावी छात्रों को मिलेगी विशेष कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं 11 दिसंबर से शुरू हो गईं। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी ब्लू प्रिंट के आधार पर जिला शिक्षा विभाग ने इस वर्ष प्रश्न पत्र स्वयं तैयार किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को बोर्ड पैटर्न की वास्तविक तैयारी का अवसर मिल रहा है। परीक्षाएं सुबह 11 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक सभी स्कूलों में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की जा रही हैं।

डीईओ अभय कुमार जायसवाल ने बताया कि इस बार अर्धवार्षिक परीक्षा को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए जिलास्तर पर ही प्रश्न पत्रों का सेट तैयार किया गया। इन प्रश्नपत्रों को प्राचार्यों को व्हाट्सएप और ई-मेल के माध्यम से भेजा गया है। प्राचार्यों की जिम्मेदारी है कि वे प्रश्न पत्रों के प्रिंट निकालकर निर्धारित समय पर विद्यार्थियों को वितरित करें। परीक्षा के दौरान 10 मिनट प्रश्न पत्र अध्ययन के लिए और 2 घंटे 15 मिनट उत्तर लेखन के लिए निर्धारित किए गए हैं।

पहले दिन 9वीं की परीक्षा विज्ञान विषय से शुरू हुई, जबकि 10वीं के विद्यार्थियों ने गणित का पर्चा दिया। 11वीं के छात्रों की परीक्षा भूगोल और गणित से तथा 12वीं के छात्रों की परीक्षा इतिहास और भौतिक विषय से प्रारंभ हुई। शिक्षा विभाग द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार 12 दिसंबर को हिंदी, 15 दिसंबर को गणित एवं व्यवसायिक विषय, 16 दिसंबर को संस्कृत और आईटी, 17 दिसंबर को सामाजिक विज्ञान तथा 19 दिसंबर को अंग्रेजी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 11वीं की परीक्षा 20 दिसंबर को समाप्त होगी।

जिला शिक्षा विभाग ने मूल्यांकन व्यवस्था को भी सख्ती से लागू किया है। परीक्षा समाप्त होते ही अगले दिन से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ हो रहा है। सभी विद्यालयों को 30 दिसंबर तक मूल्यांकन पूर्ण कर परिणाम तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षा विभाग ने मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पहल की है। अर्धवार्षिक परीक्षा-2026 में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष कोचिंग दी जाएगी, जिससे वे बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 10 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। इसके बाद प्रत्येक विद्यालय को प्रैक्टिकल परीक्षा की रिपोर्ट माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर को भेजनी होगी।

प्रश्न पत्र 75 अंकों का होगा और 8 यूनिट तक के पाठ्यक्रम से ही प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें लघु, दीर्घ एवं वैकल्पिक प्रश्न शामिल रहेंगे, जिससे विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा पैटर्न की बेहतर समझ विकसित कर सकें।

अर्धवार्षिक परीक्षाओं की इस व्यवस्थित शुरुआत को अभिभावकों और शिक्षकों ने सकारात्मक कदम बताया है। उनका मानना है कि ब्लू प्रिंट आधारित परीक्षा से विद्यार्थियों को बोर्ड जैसी तैयारी का अनुभव मिलेगा और परिणामों में निश्चित रूप से सुधार दिखेगा।

## अब आयुष्मान कार्ड पर पूरी पारदर्शिता शुरू होगा रियल टाइम एसएमएस सिस्टम

- निजी अस्पतालों की मनमानी पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आयुष्मान और स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत इलाज में होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग अब सख्त और तकनीकी रूप से मजबूत कदम उठाने जा रहा है। जल्द ही एक रियल-टाइम एसएमएस अलर्ट सिस्टम लागू किया जाएगा, जिसके बाद किसी भी मरीज के आयुष्मान कार्ड से इलाज, जांच या पैकेज के नाम पर कटने वाली राशि का मैसेज तुरंत उसके मोबाइल पर पहुंच जाएगा। इससे मरीजों को अपने कार्ड की पूरी ट्रांजेक्शन हिस्ट्री की जानकारी मिलेगी और कोटा ब्लॉक होने या ज्यादा पैसे काटे जाने की शिकायतें स्वतः खत्म होंगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार अब तक कई मरीजों ने शिकायत की थी कि जितना इलाज नहीं हुआ, उससे ज्यादा रकम कार्ड से काट ली गई। कुछ मामलों में कार्ड को बिना जानकारी के ब्लॉक भी कर दिया जाता था। पिछले ऑडिट के दौरान विभाग ने कई निजी अस्पतालों की अनियमितताएं उजागर की थीं। बाद में ऐसे अस्पतालों पर भारी जुर्माने के साथ एक वर्ष तक के लिए निलंबन जैसी कार्रवाई की गई। हर महीने सरकारी और निजी अस्पतालों की ओर से लगभग 150 करोड़ रुपए के क्लेम भेजे जाते हैं, ऐसे में पारदर्शिता सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है।

नए सिस्टम में मरीजों को किसी भी प्रकार के खर्च की जानकारी बैंकिंग सिस्टम की तरह तुरंत मैसेज के रूप में मिल जाएगी। जैसे बैंक से पैसे निकालते ही एसएमएस अलर्ट आता है, ठीक वैसे ही आयुष्मान कार्ड से उपचार की राशि कटते ही मरीज के मोबाइल पर नोटिफिकेशन पहुंच जाएगा। स्वास्थ्य विभाग इस सिस्टम को आयुष्मान के डिजिटल नेटवर्क से सुरक्षित रूप से जोड़ने की तैयारी कर रहा है।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके मंडल ने बताया कि यह पहल मरीजों को पूरी पारदर्शिता देगी और हर व्यक्ति यह जान सकेगा कि उसके इलाज पर सरकार कितना खर्च कर रही है। इसके लागू होने से निजी अस्पतालों द्वारा अनावश्यक पैकेज लगाने, फर्जी जांच जोड़ने और अतिरिक्त भुगतान वसूलने जैसी मनमानियों पर रोक लगेगी।

यदि किसी मरीज को इलाज के दौरान कोई समस्या होती है, तो वह सीधे टोल फ्री नंबर 104 या 14555 पर शिकायत दर्ज करा सकता है। विभाग भी लगातार ऑनलाइन डेटा का ऑडिट करता रहेगा। यह नया सिस्टम स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और मरीज हितैषी बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

## जिले में 53,173 सदस्यों का ई-केवाईसी नहीं

**धमतरी।** राज्य में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजनातर्गत सभी राशन कार्डधारियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि धमतरी जिले में सावर्जनिक वितरण प्रणाली के तहत 2,35,489 बीपीएल एवं 24,972 एपीएल कुल 2,60,461 राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डों में कुल 8,17,067 सदस्य (5 वर्ष से अधिक उम्र) शामिल है, जिसमें से 7,63,894 सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण हो गया है तथा 53,173 सदस्यों का ई-केवाईसी शेष है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने राशन कार्डधारियों से अपील है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर शेष सदस्यों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से करा लेवें ताकि आगामी माह में खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई का सामना न करना पड़े।

विजेताओं को मेडल व इनाम देकर किया गया पुरस्कृत

# संकुलस्तरीय शालेय बालक्रीड़ा स्पर्धा में छात्रों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



विगत 5 एवं 6 दिसम्बर को शालेय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता संकुल केंद्र मंदरौद में हुई। प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला व हाईस्कूल मंदरौद, सेलदीप, कमरौद, चुचरुंगपुर के छात्र छात्राओं ने काफी उत्साहित होकर प्रदर्शन किया।

इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, रिलरेस, लम्बीकूद, 100 मी. और 200 मी. दौड़, गोलाफेंक, गोली चम्मच दौड़, मेंढक दौड़, रस्साकसी, फुगड़ी, बोरादौड़ में भाग लिया। कबड्डी में एनपीएस मंदरौद, माध्यमिक शाला मंदरौद, हाईस्कूल मंदरौद की टीम विजयी रही। उसी प्रकार खो-खो में माध्यमिक शाला सेलदीप की टीम विजयी रही।

इसी तरह एकल खेल में भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदरौद स्पोर्ट्स एसोसिएशन की टीम ने वेट लिफ्टिंग का प्रदर्शन किया तत्पश्चात विजेता टीम और खिलाड़ियों को पुरस्कार व मेडल का वितरण किया गया। इस आयोजन में मोहन साहू अध्यक्ष स्पोर्ट्स एसोसिएशन, आनंद राम साहू राइस मिलर, भीखम लहरे सरपंच भारत सोनकर, लक्ष्मी निषाद, प्राचार्य प्रभारी हृदय भूषण कहार, महेन्द्र चंद्राकर, दिनेश कुमार ठाकुर, बीएल साहू, होमन साहू, हेमंत कुमार हिरवानी, ललित कश्यप, टाकेश्वर साहू, हुमन चंद्राकर, थानू राम साहू, मोजीराम साहू, बाबूलाल साहू बतौर अतिथि थे।

## मड़ेली में पंथी नृत्य 18 एवं 19 को

**जीजामगांव।** सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर ग्राम मड़ेली में पंथी नृत्य समारोह का आयोजन 18 एवं 19 दिसम्बर को किया गया है। 19 दिसंबर को रात्रि में लोक सांस्कृतिक संध्या सोन के मुंदरी पोटियाडीह धमतरी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। तैयारी में लालसिंग चंदेल अध्यक्ष, नेहरूराम लहरे उपाध्यक्ष, शंकर जांगड़े कोषाध्यक्ष, देवचरण कुर्रे सचिव, डोमनलाल बघेल सहसचिव, देवराम लहरे भंडारी सहित सदस्य जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रोग्रामिंग इन सी की प्रायोगिक परीक्षा 13 को

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत पीजीडीसीए के प्रथम सेमेस्टर प्रोग्रामिंग इन सी की प्रायोगिक परीक्षा 13 दिसंबर को प्रातः 7 बजे होगी। छात्राओं को अपने प्रेक्टिकल रिकार्ड के साथ निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

### फार्मासिस्टों के लिए 14 को होगी कार्यशाला

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल रायपुर के तत्वाधान में धमतरी जिले के पंजीकृत फार्मासिस्टों के ज्ञानवर्धन और तकनीकी दक्षता बढ़ाने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 14 दिसंबर को साहू समाज भवन रत्नाबांधा रोड में किया जायेगा। कार्यशाला में फार्मेसी क्षेत्र में कार्यरत पंजीकृत फार्मासिस्टों को आधुनिक तकनीक, दवाओं की सुरक्षा, नियामकीय प्रावधानों तथा फार्मास्युटिकल प्रैक्टिस से जुड़े अद्यतन विषयों की जानकारी दी जायेगी।

### कुर्रा में शिव महापुराण कथा 17 से

**भखारा(कोर्रा)।** ग्राम कुर्रा के महावीर चौक में शिव भक्त एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पांच दिवसीय संगीतमय श्री शिवाय महापुराण कथा का आयोजन 17 से 21 दिसंबर तक किया जा रहा है। कथावाचक पंडित शिवानंद महाराज कारगिल चौक विंध्यवासिनी मंदिर धमतरी होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे होगी। 17 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण प्रारंभ होगा। 18 दिसंबर को सृष्टि विस्तार, शिवलिंग प्रकट, 19 दिसंबर को शिवलिंग श्री शिव भक्तों की कथा, 20 दिसंबर को पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, 21 दिसंबर रविवार को महाकाली माता धूमवाली व कार्तिक, गणेश जन्मोत्सव पर कथा होगी। इसी दिन पूर्णाहुति, रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को गति प्रदान करने में हिम्मत साहू समेत अनेक लोग जुटे हुए हैं।

### प्राणीशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 14 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीएससी प्रथम सेमेस्टर प्राणीशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 14 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी। नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी आवश्यक सामग्री व रिकार्ड के साथ निर्धारित समय से आधा घण्टा पूर्व प्राणीशास्त्र विभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज करावें।

वीर मेला के समापन समारोह पर पहुंचे सीएम, शहीद वीरनारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि

# जब भी देश पर विपत्ति आई, आदिवासी समाज ने डटकर किया सामना : साय

**मेला मद बढ़ाकर किया 20 लाख, तालाब निर्माण के लिए 15 लाख की घोषणा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्र और समाज के नव निर्माण में आदिवासी समाज के अमर शहीदों एवं महापुरुषों का योगदान अद्वितीय रहा है। जब-जब देश पर विपत्ति आई है, आदिवासी समाज ने दृढ़ संकल्प और साहस के साथ उसका सामना किया है। यह बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विराट वीर मेला महोत्सव के समापन समारोह अवसर पर कही।

शहीद वीर नारायण सिंह के सम्मान में धमतरी की सीमा से लगे बालोद जिले के ग्राम करेंझर, राजाराव पठार में तीन दिवसीस विराट वीर मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में कांकेर, धमतरी, बालोद, कोंडागांव सहित कई जिले से लोग शामिल हुए और शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासियों का सम्मान बढ़ाने के लिए अभूतपूर्व पहल की है। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को शीर्ष पद पर आसीन कर देशभर के जनजातीय समाज का गौरव बढ़ाया है। 12 करोड़ लोगों तक विभिन्न जनजातीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। 80 करोड़ रुपये से धरती आबा कार्य में तेजी आई है। गारंटी योजनाओं के तहत पहले ही कैबिनेट में 18 लाख ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए। चरण पादुका योजना की भी शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने मेला स्थल एवं आसपास के विकास हेतु कई घोषणाएं की। मेला स्थल के समीप तालाब निर्माण के लिए 15 लाख रुपये, मेला आयोजन मद की राशि 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये, राजाराव पठार स्थित देवस्थल में किचन शेड निर्माण की घोषणा के साथ ही उन्होंने मेला स्थल पर 71 लाख 93 हजार रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के दौरान बीएस रावटे, अकबर राम कोर्राम, यूआर गंगराले, विनोद नागवंशी, जीवराखन मरई, तुकाराम कोर्राम, कन्हैया उसेंडी, पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम, प्रवीण ध्रुवे, माधव सिंह ठाकुर, शशि ध्रुव, चंद्रकला नेताम, आरएल देव, प्रेमलाल कुंजाम, उदय नेताम, कमलनारायण ध्रुव, शैलेंद्र सोरी, हेमंत छैदेया, रामेश्वर मरकाम सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।







### विकास की ओर अग्रसर बस्तर

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने की। उन्होंने नक्सलवाद उन्मूलन की दिशा में राज्य एवं केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना की। आदिम जाति कल्याण एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जिन अधिकारों के लिए हमारे पूर्वजों ने संघर्ष किया, वे आज साकार हो रहे हैं। बस्तर नक्सल पीड़ा से मुक्त होकर विकास की ओर अग्रसर है। मंच में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक आशाराम नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### मांदरी, रेला, हुलकी ने मन मोह लिया

मंच पर आदिवासी समाज के लोक कलाकारों ने रेला, मांदरी, हुलकी जैसी पारंपरिक विधाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने दो पुस्तकों का विमोचन किया, जिसमें आदिशक्ति मां अंगारमोती लेखिका श्रीमती हेमवती ठाकुर और घोटुल पुंदाना लेखक मरई राधेश्याम बस्तरिया शामिल है।

# रुद्री में आस्था सोलर सर्विसेज सेंटर का शुभारंभ



■ विधायक और महापौर बोले: सूर्यघर मुक्त बिजली योजना से बदलेगा घर का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रुद्री में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आस्था सोलर सर्विसेज सेंटर का शुभारंभ किया गया। सेंटर का उद्घाटन विधायक ओंकार साहू एवं नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन समारोह में विधायक ओंकार साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना आम जनता के लिए आर्थिक रूप से बेहद लाभदायक है। सोलर सिस्टम लगाने से बिजली बिल में भारी बचत होगी और आने वाले समय में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह बड़ा कदम साबित होगा।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक तकनीक और ऊर्जा के आधुनिक साधनों तक पहुंचे। सूर्यघर मुक्त बिजली योजना से घरेलू बजट पर बोझ कम होगा और पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग मिलेगा। सेंटर संचालक विकास साहू ने बताया कि आस्था सोलर सर्विसेज सेंटर में ग्राहकों की जरूरत और बजट के अनुसार सोलर पैनल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उपभोक्ताओं को 300 से 450 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 108,000 रुपये तक सब्सिडी तथा फाइनेंस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी सरकारी लाभ सेंटर के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंचाए जाएंगे। क्षेत्र में सोलर सर्विसेज सेंटर खुलने से ग्रामीणों और शहरी ग्राहकों में उत्साह का माहौल है। लोगों का मानना है कि यह सुविधा न सिर्फ बिजली खर्च कम करेगी, बल्कि भविष्य में ऊर्जा संकट का समाधान भी बनेगी। रुद्री में केंद्र के शुभारंभ को स्थानीय स्तर पर सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# सर्व हिंदू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी 13 को लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्व हिंदू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 13 दिसंबर को शाम 4 बजे से धनकेशरी मंगल भवन धमतरी में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता डॉ. हीरा महावर प्रमुख ट्रस्टी गौरी शंकर श्रीवास्तव चेरिटेबल ट्रस्ट करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. रोशन उपाध्याय, डॉ. प्रभात गुप्ता होंगे। समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। संस्था के अध्यक्ष महेश रोहरा ने सभी समाजजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।






# देवपुर की शासकीय आवासीय कॉलोनी के किनारे भालू कर रहे विचरण

■ अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर कर्मचारी चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत देवपुर स्थित शासकीय आवासीय कॉलोनी में इन दिनों जंगली जानवरों का विचरण गंभीर चिंता का विषय बन गया है। कॉलोनी में रहने वाले शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बताया कि प्रतिदिन शाम होते ही भालू सहित अन्य जंगली जानवरों का विचरण देखा जा रहा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि कई अधिकारी-कर्मचारियों को शासकीय कार्यों के कारण देर शाम एवं रात में भी आवाजाही करनी पड़ती है, लेकिन जंगली जानवरों की बढ़ती मौजूदगी के कारण उन्हें लगातार खतरे का डर बना रहता है। रात्रि में भालू खुलेआम घूमते दिखते हैं। कालोनीवासियों ने उसका वीडियो भी बनाया है। बच्चों एवं परिवारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसकी सूचना वन विभाग को दी जा चुकी है। अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कॉलोनी में नगरी ब्लॉक के कई महत्वपूर्ण अधिकारी निवासरत हैं। ऐसे में जंगली जानवरों के प्रवेश को रोकने वन विभाग द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।



# घासीदास जयंती पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम फुसेरा में इस वर्ष भी सतनामी समाज द्वारा 18 दिसंबर को गुरु घासीदास की जयंती उल्लास के साथ मनाई जाएगी।

दोपहर 1 बजे सतनाम की महिमा पंथी पार्टी ग्राम घोट परसदा की प्रस्तुति होगी। रात्रि 8 बजे मया के छईया डांस परिवार की प्रस्तुति के बाद फूलवारी दावना सांस्कृतिक लोकनृत्य कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन की तैयारी में सतनामी समाज अध्यक्ष डालचंद बंजारे, नेमी लहरे, धर्मेंद्र भीमो, गणेश भीमो जुटे हैं।

# राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष का हुआ स्वागत

■ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने कहा: सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा धमतरी कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में शामिल होने से पहले नगर पंचायत अध्यक्ष के निवास पहुंचे। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने नगर क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वर्तमान स्थिति तथा जनसुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने नगर पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन देखने को मिल रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने भी क्षेत्र में संचालित जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी साझा की तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत करने के लिए आवश्यक सुझाव रखे।







स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

25 शीटें शेष

राशि:- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354 411411

तुरंत आराम के लिए

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732

लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज

पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज

बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वास रोग व दांत रोग के इलाज में

तुरंत आराम के लिए

बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810

यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता

खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक

स्थायी ईलाज

विशेषताएं-

पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ

सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)

पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी

मो. 86027-50020



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण** – 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण** – 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि